**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**22.06.2025/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने ऊर्जा विभाग को उन जल विद्युत डेवलपर्स को परियोजना रद्द करने के नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं जो गम्भीरता से कार्य नहीं कर रहे हैं और जिनकी परियोजनाएं कई वर्षों से रुकी हुई हैं। ऊर्जा विभाग की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जल विद्युत राज्य की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है और राज्य सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि इसका लाभ राज्य के लोगों को मिले। उन्होंने कहा कि जब तक पड़ोसी राज्य भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड के लंबित बकाए का निपटान करने के लिए ठोस आश्वासन नहीं देते, तब तक राज्य सरकार किशाऊ और रेणुका बांध जैसी आगामी परियोजनाओं पर आगे नहीं बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने 'ग्रीन पंचायत योजना' की प्रगति की भी समीक्षा की तथा परियोजना के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

-----------------------------------------------------

**स्थापना दिवस**

'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल के तहत कल राजभवन शिमला में महाराष्ट्र, गुजरात, सिक्किम, गोवा, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष

सांस्कृतिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हिमाचल में रह रहे इन राज्यों के नागरिकों ने इस समारोह में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और लेडी गवर्नर जानकी शुक्ला ने प्रतिभागियों को राज्य के आतिथ्य और सांस्कृतिक सद्भाव के प्रतीक पारंपरिक हिमाचली टोपी और मफलर भेंट कर सम्मानित किया। राज्यपाल ने कहा कि ऐसे आयोजन 'विविधता में एकता' को बढ़ावा देकर 'एक भारत–श्रेष्ठ भारत' की भावना को मूर्त रूप देते हैं।

-----------------------------------------------------

**शूलिनी मेला**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल आज सोलन जिला में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय माँ शूलिनी मेला के समापन समारोह की अध्यक्षता करेंगे। राज्यपाल गंज बाजार स्थित दुर्गा माता मंदिर में माँ के दर्शन करेंगे। इसके बाद राज्यपाल सोलन के ऐतिहासिक ठोडो मैदान में राज्य स्तरीय माँ शूलिनी मेला के समापन समारोह में शिरकत करेंगे।

-----------------------------------------------------------

## मुख्य सचिव

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग में न्यायालय संबंधी मामलों के प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए कानूनी समाधान खोजने की जरूरत पर बल दिया है। उन्होंने विभाग के अधिकारियों से आग्रह किया कि वे जिन मामलों को देख रहे हैं, उनके निपटारे की व्यक्तिगत जिम्मेदारी लें। निर्माण भवन में आयोजित लोक निर्माण विभाग की एक दिवसीय कार्यशाला में मुख्य सचिव ने अधिकारियों को अन्य राज्यों के लोक निर्माण विभागों से संवाद स्थापित कर उनके अनुभवों और सफल रणनीतियों को जानने की सलाह दी। उन्होंने मामलों के निपटारे में देरी को कम करने और प्रक्रियाओं को सरल बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

-----------------------------------------------------------

## मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज घने बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने आज कांगड़ा, मंडी, शिमला और सोलन जिला में भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने खराब मौसम को देखते हुए स्थानीय लोगों तथा पर्यटकों को जलभरराव वाली जगहों, भूस्खलन संभावित क्षेत्रों व नदी नालों के आसपास न जाने की सलाह दी है।

उधर, चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए मानसून के लोक निर्माण विभाग के फील्ड स्टॉफ को सतर्क कर दिया गया है।

-----------------------------------------------------------

## आयोग

हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग ने स्पष्ट किया है कि 15 जून को पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा पूरी पारदर्शिता और सुरक्षा मानकों के साथ ज़िला प्रशासन की मदद से आयोजित करवाई गई थी। आयोग द्वारा जारी एक प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार इस परीक्षा में नकल व चीटिंग संबंधी सोशल मीडिया पर वीडियो और वायरल पोस्ट में किए गए दावों की सच्चाई को लेकर जांच की जा रही है। आयोग ने सीसीटीवी फुटेज, परीक्षा केन्द्रों से मिली रिपोर्टस और अन्य साक्ष्यों की गहनता से समीक्षा की है लेकिन अभी तक नकल या अनुचित साधनों के उपयोग का कोई प्रमाण नहीं मिला है। राज्य लोक सेवा आयोग ने सोशल मीडिया पर भ्रामक व अपुष्ट जानकारी फैलाने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की बात कही है।

-----------------------------------------------------------